हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024

04 नगर के 11 स्थानों पर एक साथ मानव श्रृंखला ...



08 18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में ...





## खबर संक्षेप

### बीमार जीजा को देखने जा रहे साले को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

**सीहोर**। सीहोर-भैरूंदा रोड पर सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। सुनील माहेश्वरी पिता महेश माहेश्वरी अपने बीमार जीजा को देखने भैरूंदा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बड़ नगर मोड़ पर डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने उसे भैरूंदा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनील की उम्र लगभग 30 वर्ष होगी। पुलिस ने पीएम करा शव परिजनों का सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

**सीहोर** | नसरुल्लागंज की सरवरा कॉलोनी निवासी और बीजेपी पार्षद नितिन मालवीय के घर सिकंदर नाम का युवक काम करने आया था। रात करीब 10 बजे सिकंदर परदे के पाइप दूसरे फ्लोर पर चढ़ा रहा था, इसी दौरान अचानक पाइप घर के सामने से निकली हाईटेंशन तार से टकरा गया। जिसकी चपेट में आने से सिकंदर बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद सिकंदर को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह करीब 9 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घरवालों को सौंप दिया।

### टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर** | सैनिक स्कूल ने टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों के लिए एक भर्ती नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार sainikschoolsociety. in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की तारीख अलग-अलग स्कूलों के लिए अलग है। सैनिक स्कूल सतारा के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। वहीं बीजापुर के लिए 7 मई, नालंदा के लिए 23 अप्रैल और अमेठी सैनिक स्कूल के लिए 4 मई है। नालंदा सैनिक स्कूल में 7, अमेठी में 8, बीजापुर में 10, सतारा में 5 और अमरावती नगर में 2 चित्तौडगढ़ में 11 पदों पर भर्ती की जाना है। आयु सीमा 18 से 50 साल है।

### छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आवेदन 30 तक

**सीहोर** | जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए एमपी टास्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन करने से वंचित न रहें।

### भोपाल लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कुल 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा में कुल 223671 मतदाता हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रुबल अग्रवाल (आईएएस) ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों से अवगत कराया।

सामान्य प्रेक्षक सुश्री अग्रवाल ने मतदान दिवस पर मतदाताओं के सुविधाजनक मतदान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सी-विजिल में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों के निराकरण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सीहोर विधानसभा में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुल 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा में कुल 223671 मतदाता हैं। सीहोर विधानसभा के तहत 05 एफएसटी तथा 05 एसएसटी दल निरंतर कार्य कर रहे है। सी विजिल पर 39 शिकायतें प्राप्त हुई , जिनका समय सीमा में निराकरण किया गया। एसपी मयंक अवस्थी ने चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस द्वारा चेकिंग, अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान के दौरान बल की आवश्यकता एवं उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी ने जिले में चल रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। एसडीएम तन्मय वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से सीहोर विधानसभा की तैयारियों से अवगत कराया। बैठक में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, डीआईओ संजय जोशी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कंट्रोल रूम एवं पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक रुबल अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### भोपाल संसदीय क्षेत्र की प्रेक्षक ने किया स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रुबल अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान प्रेक्षक अग्रवाल ने ईवीएम वितरण, ईवीएम वापसी, सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, बेरीकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने चुनाव आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## सीहोर जिले का 5वीं में प्रदेश में सातवां और कक्षा 8वीं में चौथा स्थान मिला

### कक्षा पांचवीं और आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में कक्षा पांचवी और आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। सीहोर जिले का पांचवी कक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान जबकि कक्षा आठवीं में सीहोर जिले का चौथा स्थान प्राप्त किया है। डीपीसी आरआर ऊईके ने बताया कि सीहोर ज़िले का प्रदेश में अच्छा परीक्षा परिणाम आया है।

सीहोर जिले का पांचवी कक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया जिसमें 97.56% प्रतिशत छात्र उतीर्ण हुए तथा A+ ग्रेडिंग में सीहोर ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें 33.69% अंक प्राप्त किया। वही कक्षा आठवीं में सीहोर जिले का चौथा स्थान प्राप्त किया जिसमें 96.10% अंक प्राप्त किया। A+ ग्रेडिंग में सीहोर का स्थान दूसरा रहा जिसमें 44.02% अंक प्राप्त हुए।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर**। अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गए नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है। तो एक हजार रुपए स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# 150 रुपए में सभी राउंड के रजिस्ट्रेशन, 50 रुपए पोर्टल चार्ज अलग, पहले लगते थे 100

### कॉलेज जाने वालों के लिए खबर यूजी और पीजी की कक्षाओं में समय पर मिलेगा एडमिशन, गाइडलाइन जारी

**सीहोर**। 12वीं की परीक्षा देने वालों के लिए अच्छी खबर है कि इस बार लोस चुनाव के कारण उनका रिजल्ट भी जल्दी आएगा। इसकी तैयारी माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कर ली है। लेकिन अभी तिथि तय नहीं है। इस साल उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में यूजी और पीजी की कक्षाओं के लिए समय पर एडमिशन करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को ऑनलाइन एडमिशन की काउंसलिंग का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। इस बार ऑनलाइन एडमिशन रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थियों को पिछले साल से ज्यादा फीस चुकानी पड़ेगी। अब पहले और दूसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 150 रुपए तय की गई है। पहले चरण में छात्राओं को रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देना होगी। हालांकि दूसरे चरण और सीएलसी के चरण में छात्रों के साथ-साथ छात्राओं को भी 150 रुपए शुल्क चुकाना होगा। इसके साथ ही 50 रुपए पोर्टल चार्ज अतिरिक्त देना होगा। जबकि पिछले साल तक सत्र के पहले राउंड में 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस थी। वहीं सीएलसी राउंड में पिछले साल 500 रुपए फीस थी। इस बार सीएलसी में भी 150 रुपए में रजिस्ट्रेशन होंगे। जरूरत पड़ने पर सीएलसी के विशेष राउंड आयोजित किए जा सकते हैं। इस बार रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ एकेडमिक कैलेंडर जारी नहीं किया गया है।

**ऐसा भी होगा... स्कूलों में जाएंगे कॉलेजों के शिक्षक** : हायर सेकंडरी का रिजल्ट आने के बाद कॉलेजों के शिक्षक सरकारी स्कूलों में जाएंगे और विद्यार्थियों को बताएंगे कि किस तरह कॉलेज में कौन से कोर्स संचालित किए जाते हैं और किस कोर्स से कॅरियर सही दिशा में जाएगा। इस दौरान स्कूलों में बच्चों की स्कूल के शिक्षक भी कॅरियर काउंसलिंग करेंगे।

**अब 15 की जगह च्वाइस में सिर्फ 10 कॉलेज** : इस बार ऑनलाइन एडमिशन के लिए कॉलेजों की चॉइस भरने की संख्या सीमित की गई है। परंपरागत यूजी-पीजी के लिए पिछली बार तक 15 और एनसीटीई के लिए भी कॉलेज की चॉइस दर्ज कर सकते थे, लेकिन अब सिर्फ 10 कॉलेज की ही चॉइस दर्ज कर सकेंगे, वहीं हटाए गए शेड्यूल के अनुसार यूजी यूजी में 1 मई और पीजी में 2 मई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। बीएड सहित एनसीटीई कोर्सेस के लिए 5 मई से रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शेड्यूल दोबारा से जारी किया जाएगा।



#### काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया, फिर हटा दिया

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के सरकारी और निजी कॉलेजों में सत्र 2024-25 के अंतर्गत एडमिशन देने के लिए गाइडलाइन और काउंसलिंग शेड्यूल तैयार कर लिया है। एक दिन पहले शुक्रवार को कुछ समय के लिए गाइडलाइन और काउंसलिंग शेड्यूल जारी किए गए, लेकिन 2 घंटे बाद ही हटा दिए गए थे। शाम को फिर से शेड्यूल हटाकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। विभाग ने अंडर जएट (यूजी) और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्सेस के साथ एनसीटीई से अप्रूव्ड कोर्स के लिए गाइडलाइन जारी की है।

#### अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी

प्रोफिशिएंसी और स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया से पहले कॉलेजों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 16 अप्रैल तक का समय दिया था। यह तारीख निकल चुकी है, लेकिन जो तकनीकी वजह से प्रोफाइल अपडेट नहीं कर पाए हैं ऐसे कॉलेजों को तारीख आगे बढ़ने की आस है। अगर तारीख आगे नहीं बढ़ी तो यह कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। इस बार उच्च शिक्षा विभाग हर हाल में अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में है।

#### प्रोफिशिएंसी और स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म

एनसीटीई से फिजिकल एजुकेशन संबंधी कोर्स बीपीएड, एमपीएड में उम्मीदवारों के प्रोफिशिएंसी व स्किल टेस्ट की प्रक्रिया खत्म कर दी है। पिछले सत्र तक बीपीएड में फिटनेस प्रोफिशिएंसी व एमपीएड के लिए स्किल टेस्ट होता था। इसके 50 अंक होते थे, लेकिन इसमें गड़बड़ी की संभावना बनी रहती थी। अब स्टूडेंट्स को सिर्फ क्वालीफाइंग एक्जाम के प्राप्तांक और विभिन्न वेटेज के आधार पर बनी मेरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेंगे।

## अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को घर से मतदान कराने के लिए दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को Home voting घर से मतदान कराने के लिए मतदान दल का गठन किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी बुधनी, इछावर, सीहोर एवं आष्टा को निर्देश दिये है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं को घर से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल का गठन कर कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करे।


### होम वोटिंग के लिए निर्धारित समय सारणी

जारी आदेशानुसार मतदाताओं को Home voting घर से मतदान कराने के लिए निर्धारित समय सारणी के तहत कार्यवाही की जाना है। तृतीय एवं चतुर्थ चरण के लिए होम वोटर की सूची फाइनल करना क्रमांशाः19 एवं 24 अप्रैल, मतदान दल का गठन रूट चार्ट तैयार करना 20 एवं 22 तथा 25 अप्रैल, मतदान दल का गठन 20 एवं 24 अप्रैल, मतदान दल का प्रशिक्षण 24 अप्रैल, सामग्री वितरण/वापसी और मतदान 26 अप्रैल, एवं 6 मई तक मतदाताओं को मतदान कार्यक्रम के बारे में सूचित करना 20 एवं 25 अप्रैल तक होम वोटिंग प्रक्रिया के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक 26 अप्रैल एवं 4 मई, होम वोटर की अंतिम सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाना 26 अप्रैल एवं 4 मई, निर्वाचक नामावली में पीवी मार्क करना 25 अप्रैल एवं 3 मई, डाक मतपत्र कोषालय में जमा करना 28 अप्रै, एवं 6 मई निर्धारित की गई हे।

### श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में एक पखवाड़ तक होंगे विभिन्न आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में विशेष पूजा, भगवान का हुआ विशेष श्रृंगार, मंदिर में आकर्षक सजावट


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम श्री पंचमुखी हनुमान जी की पूजन उपरांत अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गयाष।

इसके बाद प्रदोष तिथि के उपलक्ष्य में श्री पिपलेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक एवं आरती उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। सोमवार को अखंड रामायण के समापन उपरांत भगवान श्री पंचमुखी हनुमान एवं श्री पिपलेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक हवन व आरती की जाएगी रात्रि 10 बजे उपरांत ब्राह्मणों द्वारा भगवान श्री पंचमुखी हनुमान का विशेष आकर्षण श्रृंगार किया गया। वहीं सुबह 6 बजे भगवान पंचमुखी हनुमान की मंगला आरती की गई और 31 किलो शुद्ध घी के लड्डू और फलों का भोग लगाया। रात्रि सात बजे भगवान श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती व महाप्रसाद के वितरण किया जाएगा। आरती के बाद भगवान पंचमुखी हनुमान के समक्ष विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पंचमुखी हनुमान मंदिर के संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, संरक्षक तरुण गोसाई, अशोक राजपूत, मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित अशोक जोशी, पुजारी अरुण पांडे, विनय सक्सेना, महेंद्र वर्मा, विशाल परदेसी, सौरभ शर्मा, गिरीश मेहता, राहुल असरी, राहुल दांगी, कालू शर्मा, प्रदीप घाटे, बबलू शर्मा, आशीष कुशवाहा, दीपक तात्या, पीयूष बैरागी, नितिन कुशवाह, नितेश सेन, शुभम मालवीय आदि ने भव्य कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## व्यय प्रेक्षक ने बुधनी एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18-विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक महुल भारत जैन (आईआरएस) ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत बुदनी स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार का अवैध मादक द्रव्यों, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन नहीं होने दें तथा निगरानी रखने जाने के लिए प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

खबर संक्षेप

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही बीमा धारक की मृत्यु होने पर बीमा राशि दस लाख रुपये के अतिरिक्त बच्चों की पढाई के लिए एक लाख रुपये अलग से देने का प्लान है। योजना को लेकर भारतीय डाक विभाग द्वारा जगह-जगह डाक घरों में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### खातेगांव विधानसभा में 28 अप्रैल से 2 मई तक होगा होम वोटिंग कार्य

# अधिक से अधिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें: जिंप सीईओ प्रजापति

समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रजापति ने पेय जल व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता की समूचित व्यवस्था करें। पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि असफल बोरवेल की जानकारी दें। सीईओ जिला पंचायत प्रजापति ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम को मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। जिले में निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रों की समीक्षा कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रजापति ने प्रयास पुस्तक वितरण की जानकारी ली। उपार्जन कार्य की समीक्षा कर भुगतान के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में पूर्ण नल जल योजनाओं का संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से करायें। प्रजापति ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में सामग्री वितरण और मतदान के दिन स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त रखें। जिले के ऐसे कर्मचारी जो अन्य संसदीय क्षेत्र के मतदाता है, उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में विभाग प्रमुख आज ही निर्वाचन कार्यालय को दें। खातेगांव विधानसभा में 28 अप्रैल से 02 मई तक होम वोटिंग का कार्य किया जायेगा। होम वोटिंग के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते कर लें। देवास, सोनकच्छ, बागली, हाटपीपल्या के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को 23 अप्रैल और खातेगांव विधानसभा के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को 25 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रजापति ने कहा लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले में अधिक से अधिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें। मतदान के लिए जिले के नागरिकों को जागरूक करें। जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें। मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। मतदान दलों का रूट चार्ट तैयार कर लें। जिले में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित हों, इसका ध्यान रखें। सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें।बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द

# टेन्ट हाऊस संचालक को मिला न्याय, उपभोक्ता का परिवाद हुआ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सात साल से जूझ रहे नेहा टेन्ट हाउस संचालक पप्पू मण्डी सीहोर को आखिर न्याय मिल ही गया। उपभोक्ता कुन्दन सिमोलिया सेवानिवृत पुलिस कर्मी का 2,27,000/- रू. सेवा मे कमी का परिवाद हुआ निरस्त।

अंतिम आदेश दिनांक 03.04.2024 अनुसार उपभोक्ता कुन्दनलाल ने अपनी पुत्री के विवाह हेतू सन् 2017 मे अनावेदक प्रो.पप्पू नेहा टेन्ट हाउस गल्ला मण्डी सीहोर पर सेवा मे कमी का परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। परिवाद अनुसार आवेदक ने अनावेदक को 32,000/- रू. मे विवाह के माता पूजन कार्यक्रम से लगायत समस्त कार्यक्रम हेतू तीन दिवस के लिये बुक किया था तथा आवेदक ने विस्तृत सामान सूची प्रस्तुत की। सूची की असत्यता को प्रकट कराने हेतू अनावेदक ने टेन्ट एसोशिएशन सीहोर की रेट लिस्ट प्रस्तुत की दोनो सूची के अवलोकन पर फोरम ने यह माना कि इतने कम रूपयों में उपभोक्ता की सूचि अनुसार कार्य कर पाना किसी भी टेन्ट हाउस के बस की बात नही है। जबकि टेन्ट की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रो. पप्पू ने आवेदक की बुकिंग न होने के बाद भी आवेदक को तत्काल दो दिवस मे उपलब्ध करायी ताकि आवेदक की पुत्री का विवाह बिना विघ्न के सम्पन्न हो सके। आवेदक ने सम्पूर्ण टेन्ट व्यवस्था अनावेदक से कृषि भूमि पर लगवाई बताये गये सामान से अत्यधिक सामान का उपयोग कराया गया तथा बार-बार विश्वास दिलाया कि जो भी बिल बनेगा वह आवेदक अदा कर देगा। समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हो जाने पर अपने पद अनुसार आवेदक ने पुलिस का रूतवा बताया और अनावेदक को शेष रूपया देने से मना कर अभद्र व्यवहार किया जिसकी शिकायत अनावेदक ने एस.पी.सीहोर को की। शिकायत की जानकारी आवेदक को लगते ही अनावेदक के विरूद्ध उक्त परिवाद फोरम मे प्रस्तुत कर दिया। जिसे सूक्ष्मता से विचारण कर जिला उप.विवाद प्रति.आयोग सीहोर ने आवेदक का परिवाद निरस्त कर दिया। आवेदक की और से पेरवी जी.डी. वैरागी अधिवक्ता ने की तथा विजेता अनावेदक की और से पेरवी वी.एस. तोमर अधिवक्ता द्वारा की गई।

# इंडियन क्रिकेट अकादमी की ओर से अंश गावा और अराव ने खेली शतकीय पारियां

### एसजी को इंडिया क्रिकेट अकादमी ने हराया 138 रन के विशाल अंतर से

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट ट्राफी में सोमवार को खेले गए अंतिम लीग मैच एसजी और इंडियन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया था। इस मैच में इंडियन क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे अंश गावा ने मात्र 80 गेंद पर 115 रन और अराव ने 118 गेंद पर 105 रन की शतकीय पारियों की बदौलत एसजी अकादमी को 138 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में इंडियन क्रिकेट अकादमी की ओर से अराव ने छह विकेट का दोहरा प्रदर्शन भी किया था। सोमवार की सुबह टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडियन क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 273 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें अंश गावा ने 115 रन, अराव ने 105 रन के अलावा देव ने 43 रन की पारी खेली थी। वहीं एसजी की ओर से गेंदबाजी करते हुए विश्वजीत ने तीन विकेट, धैर्य ने दो विकेट और आशीष ने एक विकेट प्राप्त किया था। जबाव में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसजी की पूरी टीम 23.3 ओवर में 135 रन बनाए थे। जिसमें अभिनव ने 53 रन, वैभव ने 37 रन और रोहन ने 33 रन की पारी खेली थी। इधर इंडियन क्रिकेट अकादमी की ओर से अराव ने छह विकेट, विश्वजीत ने दो विकेट और सलमान ने एक विकेट हासिल किया था।

### 7 और 13 मई को दो चरणों में होगा मतदान

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर-159 में 265 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 223671 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर भोपाल संसद का चुनाव करेगें। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 156-बुधनी में 363 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 276599 मतदाता और इछावर में 275 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 226913 मतदाता विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेगें। देवास संसदीय क्षेत्र 21 के अन्तर्गत विस क्षेत्र 157 आष्टा में 335 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 279449 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर देवास सांसद का चुनाव करेगें।

# नगर के 11 स्थानों पर एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर देंगे मतदाता जागरूकता का संदेश

**मतदाता जागरूकता के लिए 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे वृहद मानव श्रृंखला का निर्माण**

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान तथा प्रत्येक मतदाता की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के तहत 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे सीहोर नगर में 11 स्थानों पर एक साथ, एक समय पर मानव श्रृंखला निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं, स्व सहायता समूह की दीदियां तथा शासकीय सेवक शामिल होंगे। इसके सफल आयोजन के संबंध में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।



### इन ग्यारह स्थान पर बनाई जाएगी मानव श्रृखला

नगर के जिन 11 स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी उनमें पीजी कॉलेज भोपाल नाका से कलेक्ट्रेट, कलेक्ट्रेट से टाउन हाल, टाउन हॉल के सामने बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने से बस स्टेण्ड के पास दो स्थानों पर, कोतवाली चौराहा से एचडीएफसी बैंक, इंगलिश पुरा, एसबीआई बैंक, भोपाल नाका शामिल है।

**दिलाई जाएगी मतदान की शपथ :** नगर में बनाई जाने वाले वृहद मानव श्रृंखला के दौरान लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही बैनर, फ्लैक्स, पास्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। साथ ही मतदाता जागरूकता संबंधी नारों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### वृहद मानव श्रृंखला के दौरान यातायाता रहेगा परिर्वतन

सीहोर नगर में 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे नगर के विभिन्न 11 स्थानों पर मतदाता जागरूकता के लिए वृहद स्तर पर मानव श्रृंखला का निर्माण किया जायेगा। इस मानव श्रृंखला में पांच हजार से अधिक छात्र-छात्रायें तथा शासकीय सेवक शामिल होगें। नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक यातायात परिवर्तित रहेगा।

**मानव श्रृंखला के दौरान बच्चों की फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता :** मानव श्रृंखला के दौरान बच्चों की फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को एक हजार रूपये, द्वितीय एवं तृतीय को पांच-पांच सौ रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा।

### शासकीय अस्थिबाधितार्थ उमावि में प्रवेश के आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परदेशीपुरा समाज कल्याण परिसर इन्दौर ने शासकीय दिव्यांग बालकों को जो 6 वर्ष एवं अधिक आयु समूह के हो, उन्हें नियमानुसार कक्षा 1वीं से 8वीं शिक्षण के लिये प्रवेश दिया जाना है।

सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिये अर्हताओं में कक्षा 1 में आयु सीमा 6 वर्ष अधिक अथवा कक्षा अनुसार, शैक्षणिक योग्यता अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है। इसके अलावा दिव्यांगता दर्शाते हुए 6 फोटो, मध्यप्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र डिजीटल, आधार कार्ड, समग्र सामाजिक सुरक्षा आई.डी. (SSSM ID), यू.डी.आय.डी., बैंक खाता आधार से लिंग किया हुआ, जन्म प्रमाण-पत्र होना भी आवश्यक है। इन्दौर से बाहर निवास करने वाले बालकों को प्रवेश पश्चात छात्रावास की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# मतदान सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य व्यवस्था को सुगम और सुविधाजन को दृषित रखते हुये संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के अन्तर्गत 156-बुधनी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में निर्धारित तिथि और समय पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बांसपुरा बुधनी से सामग्री वितरण कि जायेगी। इस प्रकार संसदीय क्षेत्र 21-देवास के अन्तर्गत 157-आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शहीद भगत सिंह कॉलेज आष्टा से सामग्री वितरण कि जाना है। संसदीय क्षेत्र 18- विदिशा के अन्तर्गत 158-इछावर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शासकीय महिला पॉलिटेनिक कॉलेज सीहोर से सामग्री वितरण कि जाना है साथ ही संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अन्तर्गत 159-सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शासकीय महिला पॉलिटेनिक कॉलेज सीहोर से सामग्री वितरण कि जाना है।

### मतदान सामग्री वापसी के लिए केन्द्र बनाए गए

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य व्यवस्था को सुगम और सुविधाजन को दृषित रखते हुये संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के अन्तर्गत 156-बुधनी विधानसभा क्षेत्र एवं 158- इछावर विधानसभा क्षेत्र और संसदीय क्षेत्र 21-देवास के अन्तर्गत 157-आष्टा विधानसभा क्षेत्र तथा संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अन्तर्गत 159-सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शासकीय महिला पॉलिटेनिक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा करने के लिए केन्द्र बनाया गया है।

### उम्मीदवारों को विज्ञापन जारी करना होगा

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है। निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो । इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो,में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है।

### श्री मारुति नंदन महायज्ञ में चल रही श्रीराम कथा

# हनुमान को शक्ति का स्मरण करा दो लंका जलने में देर नहीं: पंडित मोहितराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रामचरितमानस में वर्णन आता है कि हनुमान जी भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रा अवतार है। भगवान शंकर ही भगवान श्रीराम की सेवा करने के लिए हनुमान के रूप में अवतरित हुए थे। माता अंजना के पुत्र बनाकर केसरी नंदन पवन पुत्र मारुति नंदन कहलाए श्री हनुमंत लाल में अपार शक्तियां ज्ञान बुद्धि विवेक था किंतु ऋषि के वचन के कारण अपनी शक्ति को भूल गए थे जब श्री जामवंत जी ने शक्ति का स्मरण कराया तो लंका जलाने में देर नहीं करी समय आ गया है।




हम सबको भारत के एक एक हनुमान को उसकी शक्ति का स्मरण करना पड़ेगा उक्त उद्गार पूज्य संत धर्मरक्षक श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसादजी कटारे बाबा के सानिध्य संचालन में चल रहा है। श्री मारुति नंदन महायज्ञ के पंचम दिवस श्री राम कथा के दौरान राष्ट्रीय संत कथा व्यास परम गौभक्त पंडित मोहितरामजी पाठक ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहे आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा भारत का बच्चा-बच्चा राम कृष्ण हनुमान है। बस उसे चरित्र की माला में पिरो कर शक्ति का स्मरण करना पड़ेगा फिर रावण की लंका जलने में देर नहीं है ना कोई रावण फिर सीता का हरण करेगा और ना ही राम को 14 वर्ष बनवास जाना पड़ेगा कोई केकई राम को बनवास नहीं देगी सब रामराज में प्रेम से परस्पर प्रीत के साथ रहेंगे यही श्री रामचरितमानस का सार है। आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री मारुति नंदन महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात कथा एवं भंडारा प्रारंभ होगा श्री राम कथा की पूर्णाहुति होगी कथा का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेगा। आयोजन समिति ग्राम पचामा ने समस्या क्षेत्रवासियों से यह कथा एवं भंडारे में पधार के धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

# विश्व पृथ्वी दिवस-धरती का श्रृंगार कर लिया धरा को बचाने का संकल्प

**श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में एक पखवाड़ तक होंगे विभिन्न आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत एक पखवाड़े का आयोजन की शुरूआत शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम से की गई है। समिति ने पहले दिन विचार गोष्ठी के साथ ही परिसर में पौधा रोपण के साथ ही इसके संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। प्लास्टिक के दुष्प्रभावो के बारे में बताते हुए कहा कि प्लास्टिक का दैनिक जीवन में बढ़ता हुआ उपयोग पर्यावरण के लिए घातक है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए यहां पर मौजूद लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में सबसे आवश्यक :** शहर के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में सबसे आवश्यक है कि पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ अनुकूल पर्यावरण बना रहे। इस महत्त्व को समझाने के लिए वर्ष 1970 से दुनिया के 192 देश प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन व अनुकूल पर्यावरण के बिना पृथ्वी पर जीवन विल्कुल भी संभव नहीं है। पिछले कुछ दशकों में अपर्याप्त होते प्राकृतिक संसाधन व प्रतिकूल होते पर्यावरण के चलते यह चिंता लगातार गहराती जा रही है कि पृथ्वी पर जीवन को कैसे कायम रखा जाए। हमारा देश और प्रदेश अछूता नहीं रह गया है। लगातार बढ़ती जनसंख्या, दिशाहीन विकास और प्रकृति व पर्यावरण के अंधाधुंध दोहन के कारण आज हवा पानी और मिट्टी प्रदूषित हो चुके हैं। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा अवसर है जब हम पृथ्वी को जीवनदायी बनाए रखने का संकल्प ले सकते हैं।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना :** केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह ने कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। भूस्खलन, ग्लोबल वॉर्मिंग और प्रदूषण के कारण पर्यावण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। ऐसे में यदि व्यक्ति अपने स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रण ले तो हमारी पृथ्वी फलती-फूलती रहेगी, यह दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी और इसके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के द्वारा लगातार एक पखवाड़े 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत किया जाएगा। आने वाले दिनों में शिक्षा संस्थाओं में भाषण प्रतियोगिता, धरती का श्रृंगार करो रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### जांच में लिपिक, तत्कालीन तहसीलदार, टीओ की संलिप्तता भी निकली थी

# हद है: 16 लाख के आर्थिक सहायता घोटाले में दब गई जांच की फाइल

**दोषी लिपिक पर एफआईआर भी अभी तक लंबित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मप्र शासन के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को शासन से मिलने वाली 4:4 लाख आथिक सहायता मिलती है। राजगढ़ तहसील में इस सहायता में एक लिपिक(अब निलंबित)तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी, सहित कुछ अन्य की मिलीभगत से 16 लाख का घोटाला हुआ था।

इस मामले में दिलचस्प और जांच का पहलू अब यह भी निकला है कि दोषी व्यक्तियों ने टेजरी के खाते में चालान के माध्यम से 8 लाख रुपए भी पिछले दिनों जमा करवा दिए हैं। इसका सीधा-सीधा अर्थ यह भी है कि गबन तो हुआ था अन्यथा संबंधितों द्वारा राषि जमा नहीं करवाई जाती। आगे की कार्रवाई से बचने के लिए इस राषि को जमा करवाया गया है।

लेकिन, कांग्रेस पदाधिकारियों ने अब इस मामले की शिकायत लोकायुक्त की आर्थिक अपराध अन्वेक्षण शाखा में करने जा रहे हैं। आपको बतादें कि जब यह घोटाला उजागर हुआ तो आनन-फानन में तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक दीपक मेहर को सस्पेंड कर दिया गया था। इसके बाद जिला प्रषासन द्वारा जब जांच दल गठित कर पूरे मामले की सिरे से जांच करवाई तो जांच अधिकारियों ने तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी की संलिप्तता का जिक्र भी अपने जांच प्रतिवेदन में किया है। जांच प्रतिवेदन में दोषसिद्ध होने के बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है।


राजगढ़-ब्यावरा हरिभूमि 10

हद है... एफआईआर के लिए तहसील और थाने के बीच घूम रहा प्रतिवेदन!

आर्थिक सहायता में हुए 16 लाख के घोटाले का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में शासन से दी जाने वाली आर्थिक सहायता मद में राजगढ़ तहसील में हुए 16 लाख का घोटाला सामने आया था। घोटाले में दोषी पाए गए कर्मचारी को सस्पेंड तो कर दिया गया लेकिन संबंधित पर अभी तक थाने में आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

दरअसल, 16 लाख की आर्थिक गड़बड़ी के इस गंभीर मामले में कलेक्टर के निर्देशों पर भी निलंबित किए कर्मचारी दीपक मेहर पर एफआईआर नहीं हो पा रही है। राजगढ़ तहसील से कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करने हेतु भेजे गए जांच प्रतिवेदन में कुछ दस्तावेजों की कमी थी। इसलिए कोतवाली ने इस प्रतिवेदन को पुनः तहसील पहुंचाया। ताकि, सभी आवश्यक दस्तावेज प्रतिवेदन के साथ सलग्न हो सकें। लेकिन तहसील से उक्त प्रतिवेदन में दस्तावेजों की कमी पूरी कर उसे थाने अभी तक नहीं पहुंचाया गया है।

राशि जमा कराने की जुगत

आपको बता दें की पूरे मामले की बाद जो जांच हुई उसमे तत्कालीन तहसीलदार, जिला कोषालय अधिकारी भी दोषी निकले थे। लेकिन, इन पर अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई देखने नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार मामले में संलिप्त जन गड़बड़ी की राशि को भी पुनः शासन के खाते में जमा करवाने की जुगत में हैं, ताकि एफआईआर होने से बच सकें और मामला न्यायालय तक न पहुंचे।

मैं दिखवा लेता हूं

संबंधित कर्मचारी मेरे समय में सस्पेंड नहीं हुआ है। यह पूरा क्या मामला है, मैं दिखवा लेता हूं।

विराट अवस्थी, तहसीलदार, राजगढ़


हरिभूमि 16 Oct 2023

जांच में हुआ खुलासा, सभी की संलिप्तता से की गई 16 लाख की गड़बड़ी

16 लाख रुपए का घोटाला, तत्कालीन तहसीलदार और टीओ भी निकले दोषी

एक ही सहायता प्रकरण में 4 बार हुआ है भुगतान

जांच में निकला यह निष्कर्ष

ऐसे किया गया 16 लाख का घोटाला

और भी होंगे खुलासे

इनका कहना है...

### ऐसे किया गया था 16 लाख का यह गबन

साल 2019-20 में करनवास निवासी गीताबाई की सर्पदंष से मृत्यु हुई थी। आर्थिक सहायता का प्रकरण तहसील कार्यालय से बना और मृतिका गीताबाई के वैध वारिसों को 4 लाख का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकरण में राजगढ़ तहसील कार्यालय द्वारा तीन और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान हेतु भेजे गए और तीन अलग-अलग खातों में तीन बार 4-4 लाख की राषि ट्रांसफर की गई। यह सब तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर द्वारा किया गया। ऑडिट टीम ने गड़बड़ी पकड़ी और प्रषासन द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई गई। इस जांच दल ने दीपक मेहर के अलावा तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी को भी दोषी माना है।

### जांच में निकले थे यह निष्कर्ष

- कुल 16 लाख के भुगतान सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना हुए हैं।
- जिला कोषालय द्वारा भी बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना भुगतान किया जाना नियम विरुद्ध होने के साथ-साथ वित्तीय अनियमितता व गबन है। यदि जिला कोषालय द्वारा जांच की जाती तो अनियमितता/गबन को रोका जा सकता था।
-दीपक मेहर व अन्य द्वारा किया गया कृत्य जान-बूझकर व सोची समझी साजिष होना प्रतीत होता है जो धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना व गबन है।

**शिकायत करूंगा**

भाजपा के शासन में राजगढ़ जिले अधिकारी मनमर्जी करके शासन को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। जब जांच कमेटी दोष सिद्ध कर चुकी है तो दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। मैं अब इस पूरे मामले की शिकायत लोकायुक्त भोपाल से करने जा रहा हूं।

- अषोक वर्मा, लोकसभा अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, राजगढ़

### लापरवाही के चलते सूनी पड़ी राजगढ़ की उपमंडी

# खुले में गेहूं खरीदी, शासन को राजस्व का चूना लगा रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इसे विडंबना और जिम्मेदारों की अनदेखी ही कहा जाएगा जो छोटे-छोटे शहरों, कस्बों की मंडियों में जहां दिन-रात उपज की खरीदी चल रही है वहीं राजगढ़ मुख्यालय की उपमंडी सूनी पड़ी हुई है। अधिकारियों की अनदेखी का फायदा नगर के कुछ गल्ला व्यापारियों द्वारा उठाते हुए खुले में गेहूं सहित अन्य फसलों की खरीदी की जा रही है।



अगर व्यापारी मंडी में उपज खरीदें तो उन्हें मंडीबोर्ड को टैक्स चुकाना पड़ेगा और इसी से बचने के लिए मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर बड़े व्यापारी खुले में किसानों से खरीदी कर रहे हैं। यहां आपको बतादें कि 100 रुपए पर 1 रुपए 20 पैसे का टैक्स संबंधितों को चुकाना पड़ता है। अगर एक करोड़ की खरीदी प्रतिदिन राजगढ़ के व्यापारी कर रहे हैं तो ऐसे में शासन और मंडी बोर्ड को प्रतिदिन सवा लाख रुपए का चूना लग रहा है। न तो मंडी के सचिव और न ही अन्य द्वारा खुले में खरीदी कार्य से जुड़े व्यापारियों पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

### कालीपीठ जैसे गांव से मिल रहा राजस्व

राजगढ़ मुख्यालय उप-मंडी जहां सूनी पड़ी हुई है वहीं कुछ ही किमी दूर स्थित छोटे से गांव की कालीपीठ की उपमंडी में प्रतिदिन अनेकों किसान अपनी उपज बेचने पहुंच रहे हैं। इस अप्रेल माह में ही टैक्स के जरिए मंडी बोर्ड को हजारों रुपए की आमदनी कालीपीठ मंडी करके दे चुकी है।

**कार्रवाई करेंगे**

मैं सचिव को बोलकर दिखवा लेता हूं कि उप-मंडी में खरीदी क्यों नहीं की जा रही है। व्यापारियों पर भी कार्रवाई करेंगे।

- गुलाब सिंह बघेल, एसडीएम एवं प्रषासन, राजगढ़ उप-मंडी

# अगले 2 दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक बार फिर मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। सुबह से आसमान में बादल छा रहा हैं। मौसम में आ रहे बदलाव की चलते तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से मौसम खुला रहा। सूरज की तेज तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि के कारण तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। अब फिर से बादल छाने लगे हैं। मौसम विभाग ने दो दिन हल्की बारिश की संभावना जताई है। आज सोमवार को उच्चतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बेमौसम बारिश होने से सबसे ज्यादा परेशानी का सामना किसानों को करना पड़ा है। अब किसान अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे है, ऐसे में बारिश होने से उनकी उपज गीली होने का खतरा मंडरा रहा है।

### भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी

# 40 साल पहले चबूतरे पर विराजमान थे संकट मोचन, आज भव्यतम मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर वैसे तो राम के दास हनुमान के अनेकों मंदिर हैं लेकिन बलडी क्षेत्र स्थित प्रचीनतम संकट मोचन हनुमान मंदिर का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। आज से करीब 40 वर्षों पूर्व संकट मोचन हनुमानजी छह बाय छह के एक छोटे पर चबूतरे पर विराजमान थे। तब कुछ हनुमान भक्तों स्वर्गीय लक्ष्छीराम मौर्य, स्वर्गीय राधाकृष्ण मेवाड़े, स्व. श्यामसुंदर कौषिक सहित अन्य द्वारा जन-सहयोग से एक-एक, दो-दो रुपयों की राषियां एकत्रित कर धीरे-धीरे यहां काम शुरू करवाना आरंभ करवाया गया। उक्त सभी बुजुर्गजन तब स्वयं ही वहां मजदूरों की तरह मंदिर निर्माण कार्य में भिड़ गए। धीरे-धीरे हनुमानजी का एक बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया जहां हर मंगलवार और शनिवार सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचने लगे। आज यह मंदिर किसी धाम से कम नहीं है। यहां हर मंगलवार को हनुमान चालीसा एवं हर शनिवार को सुंदरकाण्ड का पाठ आयोजित करवाया जाता है वहीं समय-समय पर रामायण पाठ भी आयोजित होती रहती है। मंदिर समिति की एक मंडली भी है जो विभिन्न घरों, प्रतिष्ठानों में सुंदरकाण्ड पाठ के लिए आमंत्रित की जाती है।

### प्रयासों से परिसर में निर्मित हुए अन्य मंदिर

संकट मोचन हनुमान मंदिर के संस्थापकों के योगदान के साथ ही वर्तमान समिति के युवाओं को भी भव्य मंदिर, सुंदर पार्क, लाईटिंग व अन्य कार्य करवाने का श्रेय जाता है। मंदिर के दाहिने हाथ पर भोलेनाथजी का मंदिर है जो काफी पहले निर्मित करवाया जा चुका था। वहीं, दाहिनी हाथ पर कुछ वर्षों पहले ही राम-जानकी का मंदिर एवं संकट मोचन के ठीक सामने भगवान गणेषजी की प्रतिमा विराजित करवाई गई है।

### समिति के ऊर्जावानों की मेहनत से हुए कई विकास कार्य

नवीन समिति के ऊर्जावान युवाओं में शामिल कैलाष मौर्य, लोकेष दुबे बबलू, गोवर्धन दांगी, दीपक बैरागी, मुकेष गुप्ता, बंटी पांडे, तिरेष सेमले, नारायण खिंची, अरुण नागर, बंटी भिलाला, हरिओम नेजर, संतोष सक्सेना, रूप कुमार सक्सेना, आनंद शर्मा, रमेष जोषी, राजेंद्र कुसुम, गौरव पिपलोटिया, विषाल कनावत, गिरिराज बैरागी, अंकित जोषी व अन्य सदस्य प्रतिदिन यहां नवीन विकास की रूपरेखा व उसे फलीभूत करने के कार्यों में सतत रूप से लगे हुए हैं।

### अवैध गौ परिवहन को लेकर बजरंग दल ने देर रात थाने में किया प्रदर्शन

# आयोजन में परोसा गया मांसाहार! बजरंगियों ने थाने में पढ़ा हनुमान चालीसा का पाठ

**पुलिस की सद्बुद्धि के लिए किया पाठ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद बड़ी संख्या में अवैध गौ परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है । यहां के गौवंश से भरे वाहन आए दिन अन्य शहरों में पकड़ा रहे हैं। जिससे यह साबित हो रहा है कि इस घृणित व्यवसाय में कुछ पुलिसकर्मियों के साथ-साथ कई जिम्मेदार भी लिप्त है। तभी शासन के लाख प्रयासों के बावजूद यह व्यवसाय पूर्व की भांति आज भी बदस्तूर जारी है।

### आयोजनों में परोसा जात मांसाहार

रविवार देर रात सारंगपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया था। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नगर में पिछले कुछ दिनों से गौ तस्करी बढ़ रही है जिसे रोकने में पुलिस की और से सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञात हो कि रविवार शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि निजी स्कूल परिसर में एक समारोह में गौमांस परोसा जा रहा। पुलिस ने पशु चिकित्सक के साथ मौके पर पहुंचकर सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाया।

बता दें की बढ़ते अवैध गौ परिवहन को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा थाने का घेराव किया गया और पुलिस को सदबुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। बजरंग दल के जिला सह मंत्री नीकेश पुष्पद ने बताया पिछले दिनों भी गौ तस्करों द्वारा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता कर गाड़ी से टक्कर मारी थी। कुछ दिनों से गौवंश तस्कर लगातार सक्रिय हैं। पुलिस प्रशासन लाख रोकना चाहे लेकिन ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो इसे रोक नहीं पाते। वही ज्यादा सख्ती दिखाने वाले अधिकारी को प्रताड़ना के साथ तबादले का शिकार होना पड़ता है।



### स्थानीय निकाय की रसीदें संदेह के घेरे में

ऐसा नहीं है कि गौ माता के मामले में पुलिस प्रशासन ही जिम्मेदार है यहां आसपास के हाट बाजारों में आने वाले वाहन जो पशु भरवाने में जो रसीदे काटती है वह भी संदिग्ध होती है। जनचर्चा है की ग्राम पंचायतों नगर पंचायत में मौजूद कर्मचारीगण मोटी रकम लेकर अवैध रसीद बना देते हैं जिससे यह आरोपीगण बचने में कामयाब हो जाते हैं। किसी की शिकायत पर जब पुलिस इन पर कार्रवाई करती है तो अपराधियों द्वारा कागजात मांगने पर यह संबंधित क्षेत्र की पंचायत की अवैध रसीद लाकर दे देते हैं। जिससे उनको गाड़ी तथा मॉल पुनः हासिल हो जाता है।

**सैंपल लिया है**

सूचना मिली थी के एक मुस्लिम परिवार के यह आयोजन में गौ मांस बनाया गया है, मौके पर जाकर मांस का सैंपल लिया गया हैं जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

संतोष बघेल थाना प्रभारी सारंगपुर।

### आचार संहिता उल्लंघन, अधिकारी बोले होगी कार्रवाई

# सरकारी कर्मचारी कर रहे राजनीतिक पार्टी का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

चुनाव आचार संहिता लागू है परंतु शासकीय कर्मचारी इसका उल्लंघन कर अपनी लापरवाही दिखाने पर उतारू है। ताजा मामला पीडब्ल्यूडी राजगढ में तैनात कर्मचारी मोहम्मद शफीक का है। जो एक शासकीय स्थाईकर्मी के तौर पर पदस्थ है इसके बावजूद भी वह विभाग का काम न करते हुए राजनीतिक पार्टीयों के प्रचार तंत्र का हिस्सा बने हुए है। इस तरह किसी भी राजनीतिक पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 व 134 का उल्लंघन है एवं धारा 129 के अंतर्गत यह दण्डनीय अपराध है। वहीं यह आदर्श आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का भी उल्लंघन है । अब देखना यह है



कि इस तरह के षासकीय कर्मचारीयों पर चुनाव आयोग क्या एक्षन लेता है । जहां तक विभाग की बात है तो विभागीय कार्रवाई को हरी झंडी मिल गई है।

**विभागीय कार्रवाई होगी**

शिकायत आई है और संबंधित पर विभागीय कार्रवाई होगी। शासकीय सेवा में रहते हुए राजनीतिक पार्टी का प्रचार अनुचित है।

आकाष दुबे, कार्यपालन यंत्री पीडब्लूडी राजगढ

### यूथ होस्टल्स की एमपी शाखा से जुडे हैं सभी राईडर्स



राजगढ़। यूथ होस्टल्स ऑफ इंडिया की मप्र शाखा वर्ष 2023 को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में समिति के सदस्यों द्वारा 17 अप्रेल से 24 अप्रेल तक बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। प्राचीन जल-स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जनमानस में जागरुकता के उद्धेय से निकाली जा रही यह बाईक रैली सोमवार को राजगढ़ मुख्यालय पहुंची। यहां नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों द्वारा हार-मालाओं, पुष्पवर्षा से सभी बाईक राईडर्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनका स्वागत, अभिनंदन किया गया। राजगढ़ पहुंचने के बाद यह रैली खुजनेर, पचोर, सारंगपुर क्षेत्र के लिए रवाना हुई जहां से यह शाजापुर जिले की सीमा में प्रवेष करेगी। स्वागत, अभिनंदन करने वालों में शैलेंद्र विजयवर्गीय टिल्लू, दिलीप सिंह चैहान, मनोज हाड़ा, संजय विजयवर्गीय, मुकेष विजयवर्गीय, षिवपाल भाटी, देवराज परमार, राकेष गुप्ता राज मेडीकल, मार्तण्ड सिंह सौलंकी, सुनील शर्मा, अजीत विजयवर्गीय, गिरिराज शर्मा, संजय सक्सेना, महिपाल भाटी, मनोज साहू सहित अन्य प्रबुद्धजन शामिल थे।

### डाक्टर ने कह- तीन सो रुपए जमा करो प्राइवेट पर्चा बनवा लो

# आरोप: डॉ ओपीडी में नहीं घर पर कर रहे हैं मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं के चलते मरीज ओर परिजन परेशान का यह मामला कोई नया नहीं है पुर्व में भी हुई डाक्टर ओर परिजनों के बीच बहस।रात्रि कालीन ड्यूटी के दौरान यह समस्या आम है जिसमें विवाद कि स्थिति निर्मित होती है। क्योंकि रात्रि समय मे डाक्टरों कि बारी बारी से ड्यूटी लगाई जाती है एवं वहीं डाक्टर मरीज को रात्रि में देखता है।मरीज के परिजन का कहना डाक्टर घर पर मरीज को बुलाते अस्पताल में नहीं देखा। घटनाक्रम इस प्रकार है। सोमवार प्रातः 5 बजे के लगभग कि है जो निकट गांव के देवरी निवासी जितेंद्र सिंह पवांर नामक युवक अपने पिता का इलाज कराने अस्पताल में लाये थेऔर धमकी दी कि एफआईआर करवा दुंगा तेरी शादी बिगाड़ दूंगा जमानत भी नहीं होवेगी।जतेन्द्र सौधिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि ड्यूटी समय में डाक्टर मोजूद नहीं और जब मरीज के दर्द में आराम नहीं मिला तो सरकारी डाक्टर प्रायवेट में फीस जमा करवा रहे और मेडिसन के



लिए भी कह रहे यही से ले लो जिसके पैसे लगेंगे।डाक्टर ने पुलिस को भी सुचना दी जो मोके पर पहुंची तथा मामले में सामंजस्य स्थापित किया।ड्युटी डाक्टर बीएमओ डॉ मनोज कुमार गुप्ता का कहना' 21 अप्रेल से इमरजेंसी ड्यूटी कर रहा एवं 22 अप्रेल को पांच बजकर 23 मिनट पर बहादुर सिंह पवांर पिता मांगीलाल पवांर नामक मरीज जिसके पेट में दर्द और पेशाब में जलन थी लेकर अस्पताल में आये थे जिसको संपूर्ण ट्रीटमेंट दिया गया। उसके बाद दर्द कम नहीं हुआ ऐसे में मरीज के परिजन ने प्राइवेट इलाज की बोला जिसकी नियमानुसार जो फीस है वह ली गई सहकारी सिस्टम से प्रायवेट इलाज के लिए आये तो फीस ली परिजन द्वारा उस दौरान जबरजस्ती वीडियो बनाया जा रहा था जो नियम विरुद्ध है उसका मैंने विरोध किया। कोई गलत व्यवहार नहीं किया।

### बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी सब्जी मंडी व्यापारी पिता-पुत्र की मौत

# पिता-पुत्र की एक साथ निकली शवयात्रा देख हर किसी की आंख से निकले आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के खरिया मोहल्ला निवासी पिता पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार दोपहर पिता और पुत्र की एक साथ शवयात्रा निकली तो हर किसी की आंखों से आंसू निकल आए और शहर में सन्नाटा छा गया। दरअसल सारंगपुर शहर में रविवार रात 11 बजे भावना होटल के सामने बाइक सवार पिता-पुत्र की सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी। सारंगपुर के वार्ड एक खारिया मोहल्ला निवासी सब्जी मंडी व्यापारी केदार पिता तुसलीराम पुष्पद (50) और उनके बेटे दीपक पुष्पद (25) सारंगपुर से 15 किलोमीटर दूर पड़ाना कस्बे में आयोजित समाज के संतोष पुष्पद के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गए थे। रविवार रात 11 बजे के करीब शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते समय सारंगपुर में अकोदिया नाका भावना होटल के सामने विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही सफेद रंग की कार ने टक्कर मार दी,





जिससे बाइक चालक पुत्र दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल व्यापारी केदार पुष्पद और मृतक पुत्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां से ज्यादा गंभीर होने पर पुष्पद को इंदौर रेफर किया गया, लेकिन इंदौर ले जाते समय उनकी भी मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेल ने बताया कि पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र के शव की पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया है। वही पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर वाहन को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है।शवयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोगसड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए पिता पुत्र की शवयात्रा में पुष्पद समाज सहित अन्य समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। शवयात्रा मोहल्ला खरिया से निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए पाडल्या रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां दोनो का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक पिता केदार पुष्पद के तीन पुत्र है जिनमें से एक दीपक पुष्पद की उनके साथ दुर्घटना में मौत हो गई। दीपक भी शादीशुदा था और उसके एक लगभग 6 वर्ष का पुत्र और एक वर्ष की बालिका है।

## खबर संक्षेप

### सीएम राइज मनुबेन में अंक सूची पाकर खुशी से जमकर झूमे बच्चे



**सीहोर।** सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र छात्राएं बार्षिक परीक्षा की अंक सूची पाकर हर्षित हुए। दोनों ही कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाकर छात्राओं ने बाजी मारी तथा विधालय का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा । प्राचार्य दीपसिंह राठौर एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में प्राथमिक विभाग में बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ जिसमें पालकों के साथ बच्चों की प्रगति, प्रयास अभ्यास पुस्तिका एवं आंकलन पर संवाद व विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही साथ पालकों को भी सम्मानित किया गयाआज कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया जो क्रमशः 86 व 80 प्रतिशत रहा।

### आज मानव श्रृंखला का होगा निर्माण

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान तथा प्रत्येक मतदाता की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के तहत आज यानी 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे सीहोर नगर में 11 स्थानों पर एक साथ, एक समय पर मानव श्रृंखला निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं, स्व सहायता समूह की दीदियां तथा शासकीय सेवक शामिल होंगे। इसके सफल आयोजन के संबंध में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता की उपस्थिति में जिला पंचायत में बैठक आयोजित कर अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए।

### अधिकारी और ठेकेदारों की लापरवाही की सजा भुगत रहे नागरिक

# 18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में अब तक न नल लगे न ही जल मिला

कोठरी की नल जल योजना चढ़ी भ्रस्टाचार की की भेट। कामचोर ठेकेदार पर कब होगी शक्त कार्यवाही? आक्रोशित नगरवासी, प्रशासन कब कसेगा ठेकेदार पर कानूनी शिकंजा इस तरह की लापरवाही करने पर?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

कोठरी में इन दोनों गर्मी की तपिश से लोगों के बुरे हाल है, ऐसे में पानी की बूंद बूंद के लिए मोहताज है नगर वासी, सरकार की महत्वपूर्ण नल जल योजना सिर्फ कागजों में इस आष्टा तहसील में संचालित हो रही है, लोगों का कहना है आष्टा विधानसभा के ग्राम पंचायत में भी यही हाल है कोठरी नगर के कई वार्ड ऐसे हैं जहां के नागरिक आज भी आधुनिकता के लिए युग में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन हकीकत ठीक इसके विपरीत अपनी कहानी बयां कर रही है, नगर परिषद कोटरी की स्थापना 2009 में की गई, इसके बाद कई जनप्रतिनिधि आए और चले गए पर नल जल योजना की समस्या हल नहीं हो पाई, कोठरी के ग्राम पंचायत के समय के नल जल योजना चल रही है उसमें कई जगह पर आ रहा है पानी और कई जगह पर नहीं, उसके पश्चात 2017 में 18 करोड़ से जंदा की लागत का नल जल योजना प्राप्त हुई जिसको 2019 में हर घर में नल से जल पहुंचना था पर 6 साल से ज्यादा बेचने को आए अभी तक नल जल योजना का ठेकेदार रियान वॉटर टैंक की घटिया कार्य शैली एवं कामचोरी मक्कारी के कारण बदहाल स्थिति में चल रही है, ग्राम को नगर तो बना दिया पर सुविधा से अभी भी वंचित है।

### लापरवाही जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार की, भुगत रहे नागरिक

जब भी नल जल योजना की बात की जाती है तो मन में एक सुंदर तस्वीर शुद्ध पेयजल की निकाल कर सामने आती है, लेकिन एमपी यूडीसी के अंतर्गत रियान वॉटर टैंक के ठेकेदार और अधिकारियों की साठगांठ और लापरवाही के कारण आज तक यह योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है, नगर वासियों को रोजाना शुद्ध पेयजल के लिए कई किलोमीटर का सफर तय कर रहे हैं, रोजमर्रा की जरूरत के लिए या तो यह लोग साइकिल पर कुप्पे तांग कर दूर दराज से या तो ट्यूबवेल का या फिर किसी कुएं से पानी लेकर अपने घर तक आते हैं, कई जगह तो पानी भरने के लिए लंबी कतारे भी लग जाती है, नल जल योजना होने के बावजूद



जल संकट किस कदर गहराया हुआ है यह तो जिस पर बीती है वही जानता है पर जिम्मेदार तो अपनी जिम्मेदारी से दूर भागते हुए ही नजर आते हैं।

### पठार पर पानी की बहुत ज्याद समस्या



अरविंद वर्मा ने बताया की पठार पर पानी की बहुत ज्याद समस्या आ रही है ग्राम पंचायत के जमाने से चली आ रही नल जल योजना एक दिन छोड़कर नल आता है उसमें भी इतना काम आता है कि लोगों की लंबी-लंबी कतारे बर्तन रखकर लग जाती है और कई जगह तो बूंद बूंद करके पानी आता है तो छोटे बर्तन से भरना पड़ता है पानी की बहुत ज्यादा समस्या है।

### दूर खेत पर से लेकर आना पड़ता है पानी

वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि पानी की बहुत ज्यादा समस्या है दूर खेत खलियान पर से साइकिल पर कुप्पे टांग कर लेकर आना पड़ता है हमारा वार्ड नगर अध्यक्ष का ही वार्ड है फिर भी पानी की समस्या आ रही है जब नगर अध्यक्ष के वार्ड में ही पानी की समस्या आएगी तो अन्य वार्डो के क्या हाल होंगे? ठेकेदार की लापरवाही के कारण नगर में एमपी यूडीसी के ठेकेदार रियान वॉटर टैंक के द्वारा काम चल रहा है जिसकी निगरानी टाटा कंसलटेंसी के विदोष प्रधान देख रहे है जब इन से बात की गईं तो इनका कहना है, मेरा काम तो देखरेख का है समय अवधि में ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया गया तो ठेकेदार की लापरवाही है जल्द ही लोगों को नल से जल मिले इसके लिए लगातार प्रयास जारी है।




18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में लगा लापरवाही का ग्रहण
जल संकट से जूझ रहे लोग, 6 साल के इंतजार के बाद भी नहीं आया नल से जल
आखिर किसके संरक्षण मे रियान वॉटर टैंक पर नही हो रही कार्यवाही? ठेकेदार नही प्रशासन से सांठ गांठ कर रखी होगी इसीलिए नही हो रही है कोई ठोस कार्यवाही?
हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

### ठेकेदार पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई



पूर्व नगर अध्यक्ष रुपेश पटेल जो कि तत्कालीन नगर अध्यक्ष थे उनसे बात की गई तो उनका कहना है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करके सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। 2017 से प्रारंभ हुई योजना को 2019 में नगर के हर घर में पानी देना था पर लापरवाही के कारण नगर वासियों को पानी नहीं दे पाए। ऐसे ठेकेदार को तो जो जनता के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए ऐसे ठेकेदार पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

### वादे पर वादे कर रहा ठेकेदार



नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति से जब बात की गई तो उनका कहना है कि लगातार ठेकेदार और उनके कर्मचारियों हमारी तरफ से बोला गया कई बार उच्च अधिकारियों तक लिखित शिकायत भी की गई पर रियान वॉटर टैंक का ठेकेदार के कर्मचारी वादे पर वादे करते जा रहे हैं पर काम नहीं कर रहे हैं।

# मृतक के भाई और पिता ने हत्या का लगाया आरोप

### परिजनों ने एसपी को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पिछले दिनों लसुलड़िया विजयसिंह हर्राजखेड़ी मार्ग पर जो एक शव मिला था, जिसकी पहचान कैलाश मालवीय निवासी डोराबाद के रूप में होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई थी। पुलिस ने मौके पर मिले शव को देखने के बाद प्रथमदृष्टया उसकी मौत एक्सीडेंट में होना संभावित माना था। मर्ग कायम कर उसकी जांच शुरू की गई। अब इस मामले में मृतक के भाई कुमेरसिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक से मिल कर एक ज्ञापन सौपा।

मांग की गई कि मृतक कैलाश मालवीय की मौत पुलिस एक्सीडेंट में होना बता रही है वो सही नही है। मृतक के भाई कुमेरसिंह मालवीय व उसके पिता मूलचंद मालवीय का कहना है की हमे शंका है कि उसकी हत्या की गई है। शंका में परिजनों ने एसपी को सौपे ज्ञापन में कुछ नामो का भी उल्लेख किया है। मृतक के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने बताया की मृतक मेरे भाई का घटना के एक सप्ताह पूर्व उसका मालीखेड़ी के एक व्यक्ति से विवाद हुआ था तथा 6 अप्रैल को सुबाह मेरा भाई मृतक कैलाश मजदूरी पर उसी के साथ ही गया था। 7 अप्रैल को सुबाह पुलिस ने हमे सूचना दी कि कैलाश मालवीय का शव लसुलड़यिा विजयसिंह हर्राजखेड़ी मार्ग पर मिला।मृतक कैलाश मालवीय के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने एसपी को की शिकायत में हत्या की जो शंका जाहिर की उसके पीछे जो कारण हो सकते है उसका भी खुलासा किया है। पीड़ति पक्ष का खुला आरोप है कि कैलाश मालवीय की हत्या को एक्सीडेंट का रूप दिया गया है।

उनका कहना है कि मृतक का जो शव घटना स्थल पर पड़ा मिला जिसके फोटो भी पुलिस ने जारी किये उसमे मृतक के दोनों हाथ सिर के नीचे है। क्या एक्सीडेंट में दोनों हाथ सिर के नीचे आ सकते है। घटना को दुर्घटना में बदला गया है। आष्टा पुलिस इसको मानने को ही तैयार नही है। मृतक कैलाश मालवीय के भाई कुमेरसिंह मालवीय ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मेरे भाई की मौत एक्सीडेंट से नही हुई है, हमे शंका है उसकी हत्या की गई है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### आचार्यश्री रामलाल महाराज के जन्मदिन पर महावीर भवन स्थानक में हुए नवकार मंत्र के जाप

**आष्टा।** हुक्म संघ के नवम पट्टधर, युग निर्माता, परमागम रहस्य ज्ञाता, परम पूज्य आचार्य भगवन्-1008 श्री रामलालजी म.सा. के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे प्रातः 9 से 10 बजे तक महावीर भवन स्थानक गंज आष्टा में नवकार महामंत्र जाप, रमेश चालीसा,भजन के साथ-साथ गुणानुवाद सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं साधुमार्गी परिवार आष्टा ने श्रीसंघ के सभी श्रावक श्राविकाओं की उपस्तिथि में प्रातः नवकार महामंत्र के जाप के साथ रमेश चालीसा का पाठ किया। श्रावक श्री चांदमल जी सुराना ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। गुणानुवाद सभा मे पधारे सभी श्रावक श्राविकाओं को गुरुभक्त परिवार श्री अशोक कुमार रिलेश-मनोज बोथरा परिवार की ओर से प्रभावना वितरित की गई।

# रूद्रावतार पातालेश्वर हनुमान मंदिर, बालाजी धाम पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, जगह-जगह हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राम भक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मंगलवार को श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्राचीन रुद्रावतार हनुमान बालाजी धाम मंदिर को आकर्षक रुप से फुलो एवं फलो से सजाया गया। हनुमानजी के जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को सुबह से हीं भक्तों की भीड़ लगना प्रारम्भ हो गई। इस अवसर पर बालाजी धाम मंदिर में सुन्दर काण्डपाठ का आयोजन भी किया गया। विशेष पूजा अर्चना की गई।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हिन्दु उत्सव समिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया चल समारोह से पूर्व श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती की गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में चल समारोह में शामिल श्रृद्धालुओं द्वारा



हनुमानजी के भजन गाते हुवे बेंड-बाजो व ढोल-ढ़माको के साथ चल रहे थे। चल समारोह का नगर के माहेष्वरी समाज, जैन समाज सहित धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो एवं नगरवासियों ने स्वागत कर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। चल समारोह नगर के गांधीचौक, महावीर मार्ग, माताचौक, गंजपुरा, नीमबाखल होता हुआ श्री बालाजी धाम खेडापति हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पर मंदिर निर्माण समिति द्वारा चल समारोह का फुलो की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। बालाजी धाम खेडापति हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन रखा। भंडारे में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र कें श्रृद्धलुओ नें महाप्रसादी ग्रहण की। जावर जोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर मेहतवाड़ा, मन्शापूर्ण हनुमान मंदिर बजाहुड़ा छायन मैना, मुरावर, बमुलिया रायमल, कजलास, खजुरिया, बरछापुरा, हालियाखेडी स्थित हनुमान मंदिर आदि स्थानो पर भी मंदिर समितियों द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया जो शाम तक चलता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्राचीन रुद्रावतार हनुमान बालाजी धाम मंदिर पर भजन गायक एवं कलाकार साथियों द्वारा जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना कहते है लोग इसे राम का दिवाना, लाल लंगोटो हाथ में सोटो, तेरी जय हो पवन कुमार आदि भजनो की शानदार प्रस्तुति नें उपस्थित श्रृद्धालुओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उनकी प्रस्तुति पर भक्तगण भी झुम उठे। बालाजी धाम निर्माण समिति अध्यक्ष तेजसिंह ठाकुर एव समिति के सदस्यो नें हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम की सफलताओं के लियें नगर सहित क्षेत्रीय लोगो एवं पुलिस प्रषासन का आभार माना।

# नगर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्स






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी और यह क्रम दिनभर मंदिरो में जारी रहा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर के मंदिरो में धार्मिक आयोजन भी किए गए। कही महाआरती का आयोजन हुआ तो तो कही भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर मंदिरो में विशेष साज सज्जा भी की गई। इस दौरान शहर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह महाआरती की गई और विशेष रुप से हनुमान प्रतीमा का श्रृंगार किया गया। जिसमें माता अंजनी हनुमान लला को फल खिलाती हुई नजर आईं जो आकर्षण का केंद्र रही। वही फीर दिनभर खेड़ापति हनुमान मंदिर, हरदौल





लाला बाग बजरंग कालोनी, कृषि ऊपज मंडी में भंडारे का आयोजन किया गया।

### खाचरोद सहित आस-पास के गांव के हनुमान मंदिरों में हुए आयोजन

# आष्टा के पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/खाचरोद

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोल गांव, छापर लसूडिया विजय सिंह, कन्नौज शिवजी, बरघाटी, रामपुर, नौगांव, बापचा आदि गांव में हनुमान मंदिर व राम मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाए गए। जहां हवन पूजन व आरती का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम खाचरोद में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे गांव में बैंड बाजों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ग्राम वासियों ने पूरे उत्सव से भाग लिया। वहीं हनुमान मंदिर पर पूरे विधि विधान से हवन पूजन सुंदरकांड व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की।

### चल समारोह का किया स्वागत

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर सकल हिन्दू समाज ने चल समारोह का स्वागत किया। श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर चल समारोह गल्ला मंडी आष्टा पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर आष्टा के मुख्य मार्गों से घोड़े, बग्गी व उज्जैन के झांज मंडलियों द्वारा निकाला गया। चार बत्ती चौराहे पर सकल समाज के अध्यक्षों ने गुरुदेव का तिलक लगाकर, श्री फल भेंटकर साफा बांधकर का स्वागत किया। इस अवसर पर सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मनीष डोंगरे, राजीव गुप्ता, निर्मल बैरागी, महेश जाट, ज्ञान सिंह जायसवाल इत्यादि अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

# एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर राष्ट्रीय सचिव व मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रभारी महावीर गुर्जर और रितु बराला का भोपाल जाते समय अल्प समय के लिए आष्टा रूके। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने तीनों राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया।

साथ ही आगामी रणनीति पर चर्चा की। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने लोकसभा चुनाव में सभी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए। प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर और रितु बराला ने छात्र छात्राओं के बीच सक्रिय रहने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को संगठन में विधानसभा एवं जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने की बात भी कहीं। इस दौरान विजय सोलंकी, राहुल पटारिया, देवराज मालवीय, आशुतोष नामदेव, शुभम कुशवाह, नरेंद्र सवारियां, सुनील सोलंकी, आशुतोष सिंदल, रोहित, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।